# <u>डाटा एन्टरी स्पीड टेस्ट (टाइपिंग टेस्ट) के लिए निर्देश</u>

**विषय: <u>सहायक अनुभाग अधिकारी(पोस्ट कोड : 02) डाटा एन्टरी स्पीड टेस्ट, (हिंदी टाइपिंग परीक्षा)।</u>**

1. अपात्रता, त्रुटि और समय की हानि से बचने के लिए दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें। निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के बाद, आगे बढ़ने के लिए चेक बॉक्स पर क्लिक करें।
2. डेस्कटॉप कम्प्यूटरीकृत पर प्रदर्शित पाठ को केवल **हिंदी** में टाइप किया जाना चाहिए जैसा कि ऑनलाइन आवेदन पत्र में उम्मीदवार द्वारा चुना गया है।
3. **डाटा एन्टरी स्पीड टेस्ट, (हिंदी टाइपिंग परीक्षा)** अधिसूचना में बताए गए अनुसार क्वालीफाइंग प्रकृति का है।
4. चरण-I (कंप्यूटर आधारित परीक्षण परीक्षा) को उत्तीर्ण करने वाले सभी शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों के लिए चरण-II (सत्र-II - डेटा एंट्री स्पीड टेस्ट (टाइपिंग स्पीड)) में उपस्थित होना अनिवार्य है, सिवाय उन उम्मीदवारों के जिन्हें अधिसूचना के पैरा-9.5.7 के अनुसार टाइपिंग टेस्ट परीक्षा में शामिल होने से छूट दी गई है और वे निर्धारित प्रारूप में मेडिकल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे।
5. हिंदी माध्यम के लिए विकल्प का चयन करने वाले अभ्यर्थियों की न्यूनतम टाइपिंग स्पीड 30 शब्द प्रति मिनट होनी चाहिए ।
6. निम्नलिखित फॉर्मूला के आधार पर टाइपिंग परीक्षा का मूल्यांकन किया जाएगा:

$$\text{स्पीड} = \frac{[\ (\text{टाईप किये गये कुल की-स्ट्रोक} / 5) - (\text{टाईप किये गये गलत शब्द} * 10)\ ]}{15\ (\text{दिया गया समय, मिनट में})}$$

कोई भी अशुद्ध शब्द/गलती की अनदेखी नहीं की जायेगी।

उदाहरण: हिन्दी के लिए, टाइप किये गये कुल की-स्ट्रोक = 2350

गलत शब्द = 5

दिया गया समय = 15 मिनट

$$\text{तब, स्पीड} = \frac{[\ (2350/5) - (5*10)\ ]}{15} = 28 \text{ शब्द प्रति मिनट}$$

परिणाम: स्पीड 30 शब्द प्रति मिनट से कम होने पर पास नहीं किया जाएगा।

7. कम्प्यूटर सिस्टम में अभ्यर्थी द्वारा लॉग इन करने के बाद, उसे मॉक टाइपिंग टेस्ट की शुरुआत करनी है और इसे **2 मिनट** में पूर्ण करना है, जिसमें अभ्यर्थी की-बोर्ड और कुंजी ऑपरेशन की जांच करेगा। मॉक टेस्ट के बाद **10** मिनट का ब्रेक टाइम होगा। यदि कोई अभ्यर्थी की सिस्टम कुंजियां काम नहीं कर रही हैं, तो इस ब्रेकटाइम के दौरान उन्हें तुरंत पर्यवेक्षक को रिपोर्ट करके इसका समाधान करा लेना होगा। **एक्चुअल हिंदी टाइपिंग टेस्ट** अभ्यर्थियों के लिए दी गई जानकारी के अनुसार होगा।

| **विषय** | **परीक्षा की अवधि** | **कुल अवधि (सामान्य अभ्यर्थियों के लिए)** | **स्क्राइब अभ्यर्थियों के लिए अवधि अनुपूरक समय के साथ** |
|---|---|---|---|
| सहायक अनुभाग अधिकारी हिंदी डेस्ट (टाइपिंग परीक्षा) | 2 मिनट (मॉक टेस्ट)+10 मिनट (ब्रेक टाइम)+15 मिनट (एक्चुअल टाइपिंग टेस्ट) (स्क्राइब अभ्यर्थी के लिए 5 मिनट अतिरिक्त समय) | 27 मिनट | 32 मिनट |

8. जिन दृष्टि बाधित आवेदकों ने ऑनलाइन आवेदन फार्म में लेखक के विकल्प का चयन किया है, उन्हें टाइपिंग टेस्ट हेतु अपने पैरा वाचक को स्वयं लाना होगा। पैरा वाचक नियत समय अवधि के अन्दर दृष्टि बाधित अभ्यर्थियों के लिए पैरे को पढ़ेंगे।

9. हिंदी के टाइपिंग टेस्ट के लिए फ़ॉन्ट मंगल होगा। की-बोर्ड ले-आउट **हिंदी रेमिंग्टन गेल**, में उपलब्ध होगा।

10. **समर्थित की-बोर्ड का ले-आउट :**

**हिंदी टाइपिंग हेतु - रेमिंगटन गेल ले-आउट**

11. जिन दिव्यांग अभ्यर्थियों ने शारीरिक दिव्यांगता की वजह से टाइपिंग टेस्ट के लिए स्वयं को स्थायी रूप से असक्षम होने का दावा किया है, उन्हें ऐसी परीक्षा में बैठने और क्वालिफाई करने से छूट दी जा सकती है, बशर्तें कि वह अभ्यर्थी सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी अर्थात् सरकारी स्वास्थ्य देखभाल संस्थान के सिविल सर्जन, से विनिर्दिष्ट प्रपत्र (दि.वि.प्रा. की वेबसाइट पर उपलब्ध) में एक प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करें, जिसमें उसे टाईपिंग टेस्ट के समय शारीरिक अक्षमता की वजह से टाइपिंग टेस्ट के लिए स्थायी रूप से अक्षम होने की घोषणा की गई है। अन्यथा टाइपिंग टेस्ट में छूट के उनके दावे पर दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा विचार नहीं किया जाएगा।

12. इसके अतिरिक्त, ऐसे अभ्यर्थी को परीक्षा की सूचना के अनुलग्नक-7,8 & 9 जो भी लागू हो, के अनुसार विनिर्दिष्ट प्रपत्र में संगत चिकित्सा प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करके अपने दावे को पुष्ट करना होगा।

←..............................→

**<u>टाइपिंग करते समय ध्यान में रखने वाले विशेष अनुदेश:</u>**

1. परीक्षा के समय ऐसी कोई भी विशेष ‘ की ‘ अथवा अन्य ‘ की ’ का प्रयोग न करें, जो दर्शाए गए पाठ में दिए गए शब्दों की टाइपिंग के लिये अनिवार्य नहीं है। दर्शाए गए पाठ में उल्लिखित ‘ केरेक्टर/सिम्बल ’ के अलावा अन्य किसी विशेष ‘ केरेक्टर/सिम्बल ’ टाइप न करें।
2. टाइपिंग परीक्षा **अप्रतिबंधित प्रणाली** से होगी। अप्रतिबंधित टाइपिंग में अभ्यर्थियों को टाइपिंग परीक्षा के साथ आगे बढ़ने की अनुमति दी जाती है, चाहे सामग्री गलत तरीके से टाइप की गई हो। गलत पाठ मूल पाठ में ‘ **लाल रंग** ’ के फॉन्ट से चिन्हांकित किया जाएगा, जो टेक्स्ट बॉक्स में दर्शाया जाता है। वह पाठ, जो ठीक तरह से टाइप किया गया है, ‘ **हरे रंग** ’ में दर्शाया जाएगा।

ट अभ्यर्थी को चिन्हांकित किए गए शब्द को दर्शाए गए टेक्स्ट में बिना किसी त्रुटि के टाइप करना होगा। जैसा कि उपर्युक्त पैरा में यथा स्पष्ट है, सही से टाइप किया गया शब्द **हरे रंग** से और गलत टाइप किया गया शब्द **लाल रंग** चिन्हांकित किया जाएगा।

4. लाल रंग से चिन्हांकित प्रत्येक गलत शब्द को एक गलती के रूप में माना जाएगा और जैसा कि **पैरा 6** में उल्लिखित मूल्यांकन मानदंड के अनुसार एक गलती को **10 बार गुणा करके दण्डित किया जाएगा**। किसी भी गलत शब्द (त्रुटि) की अनदेखी नहीं की जाएगी। अत: अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि **लाल रंग** में चिन्हांकित टाइप किए गए टेक्स्ट में गलत शब्द को ठीक करने हेतु **बैक स्पेस-की** और **ऐरो-की** का उपयोग करें। जैसे ही शब्द को ठीक टाइप किया जाएगा उस शब्द का चिन्हांकित रंग **हरा** हो जाएगा।
5. कृपया यह सुनिश्चित करें कि दर्शाए गए टेक्स्ट में चिन्हांकित शब्द को ही टाइप किया जाए। चिन्हांकित शब्द अथवा दर्शाए गए टेक्स्ट में चिन्हांकित शब्द के साथ टाइप किये गए शब्दों के अलावा टाइप किये गए शब्दों को गलत शब्द ( त्रुटि ) के रूप में माना जाएगा चाहे वह शब्द ठीक टाइप किया गया हो। यह / ये शब्द/शब्दों को **लाल रंग** से चिन्हांकित किया जाएगा। अत: अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे दर्शाए गए टेक्स्ट में चिन्हांकित शब्द को ही टाइप करें और उसके अलावा कुछ और टाइप न करें।
6. टाइपिंग के लिए मॉक टेस्ट के लिए एक लिंक शीघ्र ही डीडीए की आधिकारिक वेबसाइट यानी <u>dda.gov.in</u> → <u>Jobs</u> → <u>latest Jobs</u> → <u>Job category</u> → <u>Direct Recruitment 2023</u> पर लाइव किया जा सकता है ताकि उम्मीदवार ऊपर बताए अनुसार टाइपिंग सॉफ्टवेयर से परिचित हो सकें।
7. परीक्षा के दौरान धैर्य बनायें रखें एवं शांत रहें। किसी भी समस्या के लिये आप पर्यवेक्षक से संपर्क करें, जैसे:-

   I. की-बोर्ड त्रुटि
   II. मशीन का स्वत: बन्द हो जाना
   III. बिजली में बाधा

IV. ब्राउजर क्रैश

V. आर्टिफिशिएली एक्सपायरिंग सेशन

8. यदि आप शांति भंग करते हैं या किसी भी तरह से परीक्षा में बाधा उत्पन्न करते हैं या गलत तरीके अपनाते हैं। ब्ल्यूटूथ डिवाइस, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रोनिक घड़ी, कैमरे आदि जैसे प्रतिबंधित इलेक्ट्रोनिक उपकरणों का उपयोग करते हैं, तो आपकी उम्मीदवारी को रद्द कर दिया जाएगा और आपके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

9. घड़ी को सर्वर पर इन्स्टॉल किया गया है, इसलिये परीक्षा की समाप्ति का शेष समय आपके कम्प्यूटर स्क्रीन के शीर्ष पर दायें कोने में काउन्टडाउन टाइमर प्रदर्शित होता रहेगा।

10. दिये गये समय के अनुसार टाइपिंग टेस्ट निर्धारित समय पर स्वत: सबमिट हो जायेगा।

11. अभ्यर्थियों को जब तक अनुमति नहीं मिल जाती तब तक परीक्षा हॉल छोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**क्या न करें**

1. दिये गए टेक्स्ट को टाइप करने के लिये अपेक्षित **कोई अन्य ‘ की ’ अथवा की-कॉम्बिनेशन** का प्रयोग न करें।
2. उपलब्ध करवाये गये टेक्स्ट में उल्लेखित केरेक्टर/सिम्बल के अलावा कोई विशेष केरेक्टर/सिम्बल न करें। इससे शब्द स्कीप हो सकते हैं, जिससे टाइपिंग त्रुटि हो सकती है, जिसका मूल्यांकन टाइपिंग गलती (त्रुटि) के रूप में किया जा सकता है।
3. **टेस्ट प्रस्तुत करने के बाद और सारांश दर्शाए जाने के बाद बैक-स्पेस अथवा अन्य कोई ‘ की ’ न दबायें।**

PS: DDA had uploaded a notice on 27.08.2024 regarding schedule of Stage-II examination for the posts of Assistant Section Officer and Junior Secretariat Assistant of provisionally selected candidates in Stage-I examination. Inadvertently, due to typographical errors *the post code 01* for the post of Assistant Section Officer was mentioned. Now, the same may be read as **post code 02.**

←..............................→